BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही

दिनांक-14.05.2025

◆"ऑपरेशन मुस्कान" के तहत थाना गोपीगंज पुलिस टीम के प्रयास से 08 माह पूर्व हरियाणा राज्य से गुम हुआ महोबा (उ0प्र0) निवासी मंदबुद्धि युवक अपने परिजनों से मिला

◆पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान लावारिस स्थिति में इधर-उधर भटकता हुआ मिला था युवक

◆मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ होने के कारण हरियाणा से भटककर ट्रेन से पहुंच गए थे गोपीगंज

◆अपना नाम व पता स्पष्ट न बता पाने की स्थिति में पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर गुम युवक के परिजनों के संबंध में जानकारी कर सकुशल परिजनों को किया गया सुपुर्द

◆परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद

दिनांक 12/13.04.2025 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग के दौरान एक 23 वर्षीय युवक जो कुछ दिमागी रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था इधर-उधर भटकते हुए पाया गया। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपने नाम और पता के संबंध में स्पष्ट नहीं बता पा रहा था। पुलिस टीम द्वारा उनके परिजनों के संबंध में जानकारी करने हेतु उन्हें अपने साथ थाना गोपीगंज पर लाया गया।

"ऑपरेशन मुस्कान" के तहत **श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुम व्यक्तियों के संबंध में संवेदनशीलता पूर्वक त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज मय पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर युवक की पहचान अरबाज उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र मुख्तार अली निवासी नयापुरा थाना व जनपद महोबा के रूप में किया गया। पुलिस टीम द्वारा थाना प्रभारी महोबा के जरिए परिजनों को सूचित किया गया। आज दिनांक 14.04.2025 को युवक के परिजन थाना गोपीगंज पर उपस्थित आये। गुमशुदा मंदबुद्धि युवक को उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा बताया गया कि वह हरियाणा में सपरिवार रहकर मजदूरी करते हैं, करीब-08 माह पूर्व उनका लड़का अरबाज उपरोक्त गुम हो गया था, जिसके संबंध में उनके द्वारा हरियाणा के थाना खेड़ीपुर में सूचना दिया गया था। विगत 08 माह के बाद आप लोगों के अथक प्रयास से हम लोगों को पुनः मिल सका है। हम सभी अपने पारिवारिक सदस्य को पुनः अपने बीच पाकर बहुत खुश हैं। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के मानवतापूर्ण कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

सराहनीय/मानवीय कार्य करने वाली पुलिस टीम-

डॉ0 आशुतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज व आरक्षी रामजी गौड़ थाना गोपीगंज जनपद भदोही